# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




## 08 June 2026

Yesterday, Quiz:

Q. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(A)प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना में प्रदेश के 8 शहरों में 1,150 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाना है।

(B) 16 अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना (PM-eBus Sewa) केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई

(A) कथन A और B सत्य हैं (B) केवल कथन A सत्य हैं

(C) केवल कथन B सत्य हैं (D) कथन A और B असत्य हैं

## Yesterday Revision

01. भारत और अफगानिस्तान मैच में राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के राजस्थान के मानव सुथार ने भारत की टेस्ट टीम में डेब्यू किया

02. पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना : राजस्थान को 6 राष्ट्रीय पुरस्कार

03. जयपुर में आयोजित एक समारोह के दौरान गायक अमीन साबरी को 'उस्ताद बिस्मिल्लाह खान' सम्मान से नवाजा गया

04 हाल ही में 5 जून को अखिल भारतीय गोशाला सहयोग परिषद के तत्वावधान में 'एक पेड़-एक गोमाता' अभियान का शुभारंभ हुआ।

05. वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान – 2026 में जयपुर जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) केंद्र सरकार की कुसुम-2.0 योजना के तहत प्रदेश को 6,000 मेगावाट सोलर पावर क्षमता आवंटित की गई है।

(B) इस क्षमता को सितंबर 2028 तक हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- केंद्र सरकार की कुसुम-2.0 योजना के तहत प्रदेश को 6,000 मेगावाट सोलर पावर क्षमता आवंटित की गई है।
- इस महत्वाकांक्षी परियोजना का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से प्रदेश की पीक डिमांड को पूरा करना है। इस क्षमता को सितंबर 2027 तक हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- सोलर प्लांटों पर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) लगाया जाएगा। रात के समय पीक डिमांड में बिजली आपूर्ति के लिए 33 केवी सब-स्टेशनों व वितरण ट्रांसफार्मरों पर 'स्टैंड अलोन बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम' विकसित किया जाएगा।
- इससे दिन में उपलब्ध अतिरिक्त सोलर एनर्जी को संग्रहित कर रात में उपयोग किया जा सकेगा, साथ ही इससे वोल्टेज लेवल में भी सुधार होगा।
- फिलहाल इसे जयपुर, जोधपुर व अजमेर डिस्कॉम में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया जाएगा, जिसके बाद इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) ) देश के प्रतिष्ठित अटल भारत गौरव सम्मान से तंत्री सम्राट पंडित सलिल विश्व मोहन भट्ट को सम्मानित किया गया।

(2) विश्व मोहन भट्ट ने 1994 में A meeting by the River के लिए विश्व का सर्वोच्च सम्मान ग्रैमी अवार्ड जीता था

**सही विकल्प चुनें**



(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- देश के प्रतिष्ठित अटल भारत गौरव सम्मान से पंडित सलिल विश्व मोहन भट्ट को सम्मानित किया गया।
- भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से जुड़े इस सम्मान से उन्हें संगीत के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय योगदान के लिए नवाजा गया।
- नई दिल्ली स्थित होटल हॉलिडे इन में अवार्ड्स ट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित समारोह में सात्विक वीणा के रचयिता तंत्री सम्राट पंडित सलिल विश्व मोहन भट्ट को यह सम्मान प्रदान किया गया।
- 1994 में A meeting by the River के लिए विश्व का सर्वोच्च सम्मान ग्रैमी अवार्ड जीतने वाले पं. विश्व मोहन भट्ट का जन्म महान संगीतज्ञों और कला-साहित्य के गुणीजन जयपुर के भट्ट घराने में हुआ
- विश्व मोहन भट्ट ने मोहन वीणा का आविष्कार किया और लोकप्रिय बनाया, एक हवाईयन गिटार जिसे संशोधित किया गया है। यह शास्त्रीय हिंदुस्तानी रागों के प्रदर्शन के लिए कार्यरत है।

03.राजस्थान ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए आवंटित लक्ष्य में कौनसा स्थान हासिल किया है?

(A) तीसरा

(B) पहला

(C) सातवां

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए आवंटित लक्ष्य में प्रथम स्थान हासिल किया है।
- एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार ने मिशन हरियालो में 5 वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से लगभग 19 करोड़ पौधे लग चुके हैं।
- इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) शेखावाटी के प्रसिद्ध संत बैजनाथ जी महाराज का 5 जून को 91 वर्ष की आयु में देहांत हो गया था।

(2) आध्यात्मिक, सामाजिक एवं मानवीय योगदान के लिए वर्ष 2025 में संत बैजनाथ महाराज को पद्म श्री मिला था



**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- संत बैजनाथ महाराज जी का 5 जून को 91 वर्ष की आयु में देहांत हो गया था।
- सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ स्थित श्रद्धानाथ आश्रम के पीठाधीश्वर एवं पद्मश्री संत बैजनाथ महाराज का देवलोकगमन हो गया है. वे पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे.
- संत बैजनाथ महाराज को उनके आध्यात्मिक, सामाजिक एवं मानवीय योगदान के लिए वर्ष 2025 में संत बैजनाथ महाराज को भारत सरकार द्वारा पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया था.
- श्रद्धानाथ आश्रम के पीठाधीश्वर एवं पद्मश्री से सम्मानित संत बैजनाथ महाराज को नाथ परंपरा के अनुसार समाधि दी गई है।

05. दुनिया के प्रतिष्ठित इनोवेशन व टेक्नोलॉजी लंदन टेक वीक 2026 में राजस्थान से कौन भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे?

(A) विकास शर्मा

(B) अनिल शर्मा

(C) सुशील शर्मा

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- दुनिया के प्रतिष्ठित इनोवेशन व टेक्नोलॉजी लंदन टेक वीक 2026 सोमवार से शुरू हो रहा है। इसमें जोधपुर के स्टार्टअप इकोसिस्टम को इंटरनेशनल लेवल पर रिप्रेजेंट करने का मौका मिला है।
- मारवाड़ी कैटलिस्ट्स के फाउंडर एवं स्टार्टअप इकोसिस्टम लीडर सुशील शर्मा को यहां होने वाले ग्लोबल वीआईपी रिसेप्शन के लिए स्पेशल इनविटेशन मिला है।
- यह वेलकम सेरेमनी लंदन की लेडी मेयर होस्ट करेंगी। इसमें विभिन्न देशों के उद्यमी, निवेशक नीति-निर्माता एवं इनोवेशन क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

जयपुर, शनिवार, 06 जून, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-107

1 **डिजिटल** लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए, पीएम स्वनिधि के तहत स्ट्रीट वेंडरों को खुदरा डिजिटल ट्रांजैक्शन पर अधिकतम कितना 'कैशबैक प्रोत्साहन' दिया जाता है?

(A) 500 रुपये
(B) 1,200 रुपये
(C) 1,600 रुपये
(D) 2,500 रुपये

C

2 **चित्तौड़गढ़** और टोंक जिलों को शामिल करने के बाद, अब राजस्थान के कुल कितने जिलों में किसानों को कृषि कार्य के लिए दिन के दो ब्लॉक में बिजली आपूर्ति सुलभ हो रही है?

(A) 15 जिलों में (B) 20 जिलों में
(C) 33 जिलों में (D) 26 जिलों में

D

3 **देशभर** में चलाए जा रहे 'खेत बचाओ अभियान' का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(A) किसानों के कर्ज पूरी तरह माफ करना
(B) रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम कर वैज्ञानिक तरीके से जैविक खेती की ओर लौटना
(C) कृषि भूमि का शहरीकरण होने से रोकना
(D) किसानों को मुफ्त कृषि उपकरण बांटना

B

4 **मादक** पदार्थों (ड्रग्स) के तस्करों पर किस विशेष कानून के तहत सख्त कार्रवाई और अवैध संपत्ति जब्त की जाती है?

(A) मकोका
(B) यूएपीए
(C) पीआईटीएनडीपीएस
(D) रासुका

C

5 **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत कोटपूतली-बहरोड़ जिले की उपज कौन सी है?

(A) प्याज (B) गाजर
(C) ईसबगोल (D) खजूर

B

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान – 2026 में राजस्थान का कौनसा जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है?**

(A) बीकानेर

(B) जयपुर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM — GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK — GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM — GK Search Engine